Prepp
Your Personal Exams Guide

# KVS Tier 2 2025 PGT Hindi Question Paper PDF (Mar 29, 2026) (Shift 2)

1. अंग्रेजी समाचार एजेंसी पी.टी.आई. की हिन्दी समाचार एजेंसी है :
(1) यूनीवार्ता (2) भाषा (3) समाचार भारती (4) हिन्दुस्तान समाचार

2. समाचार एजेंसी 'हिन्दुस्तान समाचार' की स्थापना हुई :
(1) सन् 1940 ई. (2) सन् 1947 ई. (3) सन् 1948 ई. (4) सन् 1950 ई.

3. निम्नलिखित में दुखांतक (ट्रैजेडी) का अंग नहीं है :
(1) भाषा-शैली (2) चरित्र (3) विचार (4) दृश्य

4. निम्नलिखित में कहानी का मुख्य तत्व नहीं है :
(1) चरित्र-चित्रण (2) परिवेश (3) द्वन्द्व (4) भाषा-शैली

5. निम्नलिखित में पत्रकारिता का प्रकार नहीं है :
(1) विशेषीकृत पत्रकारिता (2) वॉचडॉग
(3) वैकल्पिक पत्रकारिता (4) परिवेश पत्रकारिता

6. "राम को रूप निहारत जानकि कंकन के नग की परछाहीं।
याते सबै सुधि भूलि गई, कर टेकि रही, पल डारत नाहीं।"
– प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ तुलसीदास की किस रचना से हैं ?
(1) कवितावली (2) रामचरित मानस (3) दोहावली (4) विनयपत्रिका

7. "चरन धरत चिन्ता करत चितवत चारहुँ ओर
सुवरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी चोर।"
प्रस्तुत दोहा किस अलंकार का उदाहरण है :
(1) श्लेष अलंकार (2) यमक अलंकार
(3) रूपक अलंकार (4) उत्प्रेक्षा अलंकार

8. निम्नलिखित में पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है :
(1) बुंदेली (2) कन्नौजी (3) बघेली (4) खड़ी बोली

9. भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया :
(1) 14 सितंबर 1947 (2) 14 सितंबर 1948
(3) 14 सितंबर 1949 (4) 14 सितंबर 1950

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में भारतीय भाषाओं का उल्लेख किया गया है ?

(1) आठवीं अनुसूची  (2) नौवीं अनुसूची
(3) दसवीं अनुसूची  (4) ग्यारहवीं अनुसूची

11. निम्नलिखित में नंददुलारे वाजपेयी का निबंध-संग्रह है :

(1) विचार और वितर्क  (2) पूर्वोदय
(3) नया साहित्य नए प्रश्न  (4) अर्द्ध नारीश्वर

12. निम्नलिखित में व्यंजन-संधि वाला शब्द नहीं है :

(1) दिग्गज  (2) सद्गुण  (3) देवालय  (4) दिगंबर

13. निम्नलिखित समास और सामासिक शब्द-युग्म में असंगत है :

(1) तत्पुरुष - हस्तलिखित  (2) कर्मधारय - नीलगगन
(3) बहुव्रीहि - मुखचंद्र  (4) अव्ययीभाव - प्रत्येक

14. निम्नलिखित में कृष्णभक्त कवि/कवयित्री नहीं है :

(1) मीराबाई  (2) रसखान  (3) नंददास  (4) स्वामी अग्रदास

15. निम्नलिखित में केशवदास की रचना नहीं है :

(1) कविप्रिया  (2) रसिक प्रिया  (3) रहस्यमंजरी  (4) रामचंद्रिका

16. 'सरयू पार की यात्रा' यात्रावृतांत के लेखक हैं :

(1) भारतेन्दु हरिश्चंद्र  (2) देवकी नंदन खत्री
(3) शिवप्रसाद गुप्त  (4) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

17. 'सुधियाँ उस चंदन के वन की' संस्मरण के लेखक हैं :

(1) विष्णु प्रभाकर  (2) विद्यानिवास मिश्र
(3) विष्णुकांत शास्त्री  (4) गिरिराज किशोर

18. 'दिल्ली शहर दर शहर' किसकी रचना है ?

(1) कमलेश्वर  (2) असगर वजाहत
(3) निर्मला जैन  (4) खुशवंत सिंह

62008129



D1

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. 'गुड़िया भीतर गुड़िया' आत्मकथा की रचयिता हैं :

(1) कुसुम अंसल (2) सुषम बेदी
(3) रमणिका गुप्ता (4) मैत्रेयी पुष्पा

20. अज्ञेय की किस पुस्तक में टी.एस. इलियट के निबंध का अनुवाद 'रूढ़ि और मौलिकता' नाम से प्रकाशित हुआ है?

(1) त्रिशंकु (2) आत्मनेपद (3) अद्यतन (4) संवत्सर

21. निम्नलिखित में से नामवर सिंह की पुस्तक है :

(1) 'साहित्यानुशीलन' (2) 'कविता के नए प्रतिमान'
(3) 'हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष' (4) 'साहित्य की समस्याएँ'

22. निम्नलिखित में प्रगतिवादी/मार्क्सवादी आलोचक नहीं है :

(1) रामविलास शर्मा (2) नामवर सिंह
(3) शिवदानसिंह चौहान (4) केसरीनारायण शुक्ल

23. निम्नलिखित में 'दीर्घ तपा' उपन्यास के लेखक हैं :

(1) भगवती चरण वर्मा (2) अमृतलाल नागर
(3) फणीश्वरनाथ रेणु (4) वृंदावनलाल वर्मा

24. निम्नलिखित कहानी और कहानीकारों के युग्मों में असंगत है :

(1) बिसाती - जयशंकर प्रसाद
(2) खेल - जैनेन्द्र
(3) पिंजड़े की उड़ान - अज्ञेय
(4) अंकुर - इलाचंद्र जोशी

25. 'अंधा कुआँ' नाटक के रचयिता हैं :

(1) धर्मवीर भारती (2) मोहन राकेश
(3) लक्ष्मीनारायण लाल (4) लक्ष्मीकांत वर्मा

26. 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध' के रचनाकार हैं :

(1) जयशंकर प्रसाद (2) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(3) सुमित्रानंदन पंत (4) महादेवी वर्मा

27. निम्नलिखित में सुमित्रानंदन पंत की रचना नहीं है :

(1) पथ के साथी
(2) शिल्प और दर्शन
(3) शिल्पी
(4) गद्य पथ

28. निम्नलिखित में माखनलाल चतुर्वेदी की रचना है :

(1) साहित्य देवता
(2) स्वर्ण धूलि
(3) सत्यकाम
(4) प्रभावती

29. निम्नलिखित में सूर्यकांत त्रिपाठी की रचना नहीं है :

(1) अनामिका
(2) अणिमा
(3) अतिमा
(4) बेला

30. निम्नलिखित रचनाओं में महादेवी वर्मा का रेखाचित्र-संस्मरण नहीं है :

(1) स्मृति रेखा
(2) अतीत के चलचित्र
(3) स्मृति की रेखाएँ
(4) पथ के साथी

31. निम्नलिखित में चिंतामणि त्रिपाठी की रचना नहीं है :

(1) काव्यप्रकाश
(2) छंदसार
(3) काव्य विवेक
(4) रामायण

32. निम्नलिखित में देव की रचना नहीं है :

(1) भाव विलास
(2) अष्टयाम
(3) युक्ति तरंगिणी
(4) भवानी विलास

33. निम्नलिखित में घनानंद की रचना नहीं है :

(1) प्रेमतरंग
(2) सुजानसागर
(3) विरहलीला
(4) कोकसागर

34. "आधुनिक काल में गद्य का आविर्भाव सबसे प्रधान साहित्यिक घटना है। इसलिए उसके प्रसार का वर्णन विशेष विस्तार के साथ करना पड़ा है।" प्रस्तुत मत के प्रस्तुतकर्ता हैं :

(1) रामचंद्र शुक्ल
(2) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(3) नगेन्द्र
(4) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'

35. निम्नलिखित में जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है :

(1) झरना
(2) आँसू
(3) लहर
(4) वाणी

62008129

36. जन्मकाल की दृष्टि से निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम है :

(1) कबीर, जायसी, मीराबाई, रहीम
(2) कबीर, मीराबाई, रहीम, जायसी
(3) कबीर, जायसी, रहीम, मीराबाई
(4) जायसी, कबीर, रहीम, मीराबाई

37. 'उत्तम पद कवि गंग के, कविता को बल वीर।
केशव अर्थ गंभीर को, सूर तीन गुन धीर।।'
प्रस्तुत दोहे में सर्वाधिक प्रशंसा किसकी की गयी है?

(1) गंग कवि (2) केशवदास (3) सूरदास (4) तुलसी

38. "मेरे मात पिता के सम हौ, हरिभक्तन्ह सुखदाई।
हमको कहा उचित करिबो है, सो लिखिए समझाई।"
प्रस्तुत पंक्तियाँ घरवालों से तंग आकर मीराबाई ने किस रचनाकार को संबोधित की हैं?

(1) सूरदास (2) केशवदास (3) तुलसीदास (4) नंददास

39. "सघन कुंज छाया सुखद, सीतल मंद समीर।
मन ह्वै जात अजौं वहै, वा जमुना के तीर।।"
प्रस्तुत काव्य पंक्तियों के रचयिता हैं :

(1) रसखान (2) सूरदास (3) बिहारी (4) रसलीन

40. "हिन्दी रीतिग्रंथों की परंपरा चिंतामणि त्रिपाठी से चली, अत: रीतिकाल का आरंभ उन्हीं से मानना चाहिए।" प्रस्तुत कथन है :

(1) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र का
(2) विश्वनाथ त्रिपाठी का
(3) भगीरथ मिश्र का
(4) रामचंद्र शुक्ल का

41. "सरस वसंत समय भल पावलि, दछिन पवन बह धीरे।
सपनहु रूप वचन इक भाषिय, मुख से दूरि करु चीरे।।"
प्रस्तुत काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(1) अमीर खुसरो (2) विद्यापति (3) केशवदास (4) बिहारीलाल

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. "वे फारसी के बहुत अच्छे ग्रंथकार और अपने समय के नामी कवि थे।" प्रस्तुत मत अमीर खुसरो के बारे में किसने प्रस्तुत किया है?

(1) रामचंद्र शुक्ल
(2) विजय देवनारायण साही
(3) गोपीचंद नारंग
(4) हजारीप्रसाद द्विवेदी

43. 'द्वैतवादी वैष्णव सम्प्रदाय' के चलानेवाले थे :

(1) रामानुजाचार्य
(2) रामानंद
(3) मध्वाचार्य
(4) वल्लभाचार्य

44. "सूर समाना चंद में दहूँ किया घर एक।
मन का चिंता तब भया कछु पुरबिला लेख"
प्रस्तुत दोहे के रचयिता हैं :

(1) नामदेव
(2) कबीर
(3) रैदास
(4) दादूदयाल

45. भक्ति आंदोलन को ईसाइयत की देन कहने वाले आलोचक/इतिहासकार हैं :

(1) गार्सा द तासी
(2) जार्ज ग्रियर्सन
(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(4) गणपतिचंद्र गुप्त

46. अपभ्रंश को 'पुरानी हिन्दी' कहने वाले हैं :

(1) शिवदान सिंह चौहान
(2) रामविलास शर्मा
(3) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

47. हिन्दी साहित्य के इतिहास के विभिन्न कालों के नामकरण के बारे में निम्नलिखित मत देने वाले इतिहासकार हैं :
"जिस कालविभाग के भीतर किसी विशेष ढंग की रचनाओं की प्रचुरता दिखाई पड़ी है, वह एक अलग काल माना गया है और उसका नामकरण उन्हीं रचनाओं के स्वरूप के अनुसार किया गया है।"

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(2) श्यामसुंदर दास
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) नगेन्द्र

48. हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकाल के लक्षण-निरूपण और नामकरण में बारह पुस्तकों को आधार बनाने वाले साहित्येतिहासकार हैं :

(1) मिश्रबंधु
(2) जार्ज ग्रियर्सन
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) गणपतिचंद्र गुप्त

Prepp
Your Personal Exams Guide

49. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की पुस्तक ''हिन्दी साहित्य का आदिकाल'' का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ :

(1) सन् 1950 (2) सन् 1952 (3) सन् 1954 (4) सन् 1956

50. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'सिद्ध सामंत युग' कहने वाले लेखक हैं :

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी (2) राहुल सांकृत्यायन
(3) रामचंद्र शुक्ल (4) रामकुमार वर्मा

51. ''हिन्दी साहित्य का सचमुच ही क्रमबद्ध इतिहास पं. रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी-शब्द-सागर की भूमिका के रूप में प्रस्तुत किय था।'' प्रस्तुत मत है :

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी का (2) रामविलास शर्मा का
(3) रामकुमार वर्मा का (4) नगेन्द्र का

52. मात्रिक छंद 'पद्धरी' या 'पद्धड़िया' कितनी मात्राओं का छंद है ?

(1) तेरह (2) चौदह (3) सोलह (4) बारह

53. निम्नलिखित में से किसका मानना है कि ''कवि चंदबरदाई और उनके आश्रयदाता राजा का जन्म एक ही दिन हुआ था और दोनं ने एक ही दिन यह संसार भी छोड़ा था''?

(1) नामवर सिंह (2) जार्ज ग्रियर्सन (3) हजारीप्रसाद द्विवेदी (4) रामचंद्र शुक्ल

54. किस आलोचक का कथन है कि ''जब से प्राकृत बोलचाल की भाषा न रह गई तभी से अपभ्रंश साहित्य का आविर्भाव समझन चाहिए।''

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी (2) रामचंद्र शुक्ल
(3) नामवर सिंह (4) भोलानाथ तिवारी

55. ''दीर्घ काल से हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखक अपभ्रंश भाषा के साहित्य को भी हिन्दी साहित्य के पूर्व रूप में ग्रहण करते आए हैं। मिश्रबंधुओं ने अपनी पुस्तक में अनेक अपभ्रंश रचनाओं को स्थान दिया हैं।'' - प्रस्तुत मत देने वाले आलोचक हैं :

(1) नामवर सिंह (2) रामविलास शर्मा
(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी (4) रामचंद्र शुक्ल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों (56-60) के सटीक उत्तर दीजिए :**

जल प्रदूषण के समान ही ध्वनि प्रदूषण भी आधुनिक जीवन की समस्या है। वह आवाज़ जो असुविधाजनक हो, अनुपयोगी हो तथा अनावश्यक महसूस होती हो – शोर है। यह शोर ही ध्वनि प्रदूषण का कारण है। शोर कई तरह से उत्पन्न होता है। एक व्यक्ति के लिए संगीत आनंददायक है, किंतु वही संगीत दूसरे व्यक्ति के लिए शोर हो सकता है। रेलगाड़ी की आवाज़, सड़कों पर मोटरों की पों-पों, ट्रकों की धड़-धड़, कारखानों में मशीनों के चलने की तेज़ आवाज़, हवाई जहाजों का भीषण गर्जन, सड़कों पर विज्ञापन का प्रचार करने वाले लाउड स्पीकरों का शोर और टी.वी. एवं रेडियो का शोर भी ध्वनि प्रदूषण के कारण हैं। ध्वनि प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। यहाँ तक कि अधिक समय तक ज़्यादा शोर में रहने के कारण कई बार लोगों की श्रवण शक्ति खराब हो जाती है। ध्वनि प्रदूषण से मनुष्य केवल श्रवण दोष से ग्रसित ही नहीं होता, उसे रक्तचाप, अलसर, अनिद्रा के रोगों का शिकार भी होना पड़ता है।

56. गद्यांश के अनुसार ध्वनि प्रदूषण से उत्पन्न आधुनिक जीवन की समस्या नहीं है :
    (1) जल-प्रदूषण और खाद्य पदार्थ मिलावट
    (2) ध्वनि प्रदूषण और रक्तचाप
    (3) ध्वनि प्रदूषण और अनिद्रा
    (4) जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण

57. 'शोर' नहीं है :
    (1) वह आवाज़ जो असुविधाजनक हो
    (2) वह आवाज़ जो अनावश्यक हो
    (3) वह आवाज़ जो अन्तर्मन में हो
    (4) वह आवाज़ जो अनुपयोगी हो

58. ध्वनि प्रदूषण का कारण नहीं है :
    (1) यातायात
    (2) प्रसारण
    (3) मनोरंजन
    (4) श्रवण

59. ध्वनि प्रदूषण के कारण कौन सा रोग नहीं होता ?
    (1) रक्तचाप
    (2) अनिद्रा
    (3) मधुमेह
    (4) अलसर

60. ध्वनि प्रदूषण के सम्बंध में सही कथन नहीं है :
    (1) ध्वनि प्रदूषण आधुनिक जीवन की समस्या है।
    (2) ध्वनि प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
    (3) अधिक समय तक ज्यादा शोर में रहने के कारण वाक् शक्ति खराब हो सकती है।
    (4) एक व्यक्ति के लिए संगीत आनंददायक है किन्तु वही संगीत दूसरे के लिए शोर हो सकता है।

- o O o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

62308129

). of Printed Pages : 3

# KPG (HINDI)

## Question Paper / प्रश्न-पत्र

Maximum Marks : 40

अधिकतम अंक : 40

1. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

   निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थी रूप लिखिए :

   (A) 'अथ'

   (B) 'अवनति'

   (C) 'अंतरंग'

   (D) 'अल्पज्ञ'

2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

   (A) 'विद्यापति ने अपभ्रंश से भिन्न, प्रचलित बोलचाल की भाषा को 'देशी भाषा' कहा है।' विद्यापति के बारे में किसने कहा है?

   (B) 'गोरखनाथ के नाथपंथ का मूल भी बौद्धों की बज्रयान शाखा है।' किसका कथन है?

   (C) किसका विचार है कि प्रसिद्ध ज्ञानयोगी ज्ञानदेव ने अपने को गोरखनाथ की शिष्य परंपरा में बताया है?

   (D) 'लोकभाषा का साहित्य सुरक्षित नहीं रह सका। वह लोकमुख में ही जीवित रहा है।' किस आलोचक का मत है?

3. प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए।

   (A) 'सूरसागर में जगह-जगह दृष्टिकूट वाले पद मिलते हैं।' रामचंद्र शुक्ल द्वारा यह किसका अनुकरण बताया गया है?

   (B) "सारंग नयन, बयन सुनि सारंग, सारंग तसु समधाने।
   सारंग उपर उगल दस सारंग केलि करथि मधुपाने।।"
   प्रस्तुत काव्यपंक्तियों के रचनाकार हैं :

   (C) "किधौं सूर को सर लग्यो, किधौं सूर की पीर।
   किधौं सूर को पद लग्यो, बेध्यो सकल शरीर।।"
   क्या प्रस्तुत दोहा सूरदास ने अपनी रचनाओं के बारे में स्वयं लिखा है?

   (D) 'मुरली तऊ गोपालहिं भावत' काव्यपंक्ति का भाव क्या है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए।

(A) कालिंजर के राजकुमार राजकुँवर और आगमपुर की राजकुमारी इंद्रावती की प्रेमकहानी का वर्णन करने वाली रचना का क्या नाम है?

(B) राजा हंस और रानी जवाहिर की कथा प्रस्तुत करने वाली रचना का क्या नाम है?

(C) राजा ज्ञानदीप और रानी देवजानी की कथा का वर्णन करने वाली रचना कौन सी है?

(D) जायसीकृत रचना का नाम बताइए जिसमें कयामत का वर्णन किया गया है।

5. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

(A) शंकराचार्य के दार्शनिक सिद्धांत का क्या नाम है?

(B) 'श्रीरामार्चन पद्धति' के रचयिता का क्या नाम हैं?

(C) 'भक्तमाल' में रामानंद जी के कितने शिष्यों का उल्लेख हैं?

(D) 'अस्थि चर्म मय देह मम तामें जैसी प्रीति।' रत्नावली द्वारा तुलसीदास को कही बात का अभिप्राय है :

6. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

(A) तत्सम शब्द 'अग्नि' का तद्भव रूप क्या है?

(B) तत्सम शब्द 'वायु' का तद्भव रूप क्या है?

(C) तत्सम शब्द 'कर्ण' का तद्भव रूप क्या है?

(D) तत्सम शब्द 'अंगुष्ठ' का तद्भव रूप क्या है?

7. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

(A) रसखान कहाँ के रहने वाले थे?

(B) 'मानस का हंस' के रचयिता का नाम है :

(C) क्या 'दो सौ बावन वैष्णवों की वार्ता' में रसखान का उल्लेख किया गया है?

(D) 'अनामदास का पोथा' उपन्यास की प्रमुख उस स्त्री पात्र का नाम क्या है जिससे रैक्व प्रेम करते हैं?

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग एक-एक वाक्य में दीजिए।

(A) फारसी किस भाषा परिवार से संबंधित भाषा है?

(B) अरबी किस भाषा परिवार से संबंधित भाषा है?

(C) इंडोआर्यन परिवार की एक भाषा का नाम लिखिए :

(D) शामी भाषा परिवार की एक भाषा का नाम बताइए :

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अधिकतम एक-एक वाक्य में)

(A) सूरदास और तुलसीदास में अवस्था (उम्र) में कौन छोटा था?

(B) 'सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहति अस होय।' काव्यपंक्ति के रचयिता कौन हैं?

(C) घर छोड़ने के बाद गोस्वामी तुलसीदास कहाँ जाकर रहे?

(D) रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'गीतावली' की रचना गोस्वामी जी ने किस कवि के अनुकरण पर की है?

10. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए।

(A) 'रूढ़ शब्द' किन शब्दों को कहते हैं?

(B) 'यौगिक शब्द' किस तरह के शब्दों को कहते हैं?

(C) विकारी शब्द कौन-से होते हैं?

(D) अविकारी शब्द कौन-से होते हैं?

- o 0 o -